डॉ. शशि प्रधान राष्ट्रीय स्तर में सम्मानित

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पशु औषधि विभाग से लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सम्मलेन में अपना परचम लहराते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इण्डियन वेटरनरी एसोसिएशन 96/1978 की और से वेटिको क्वीन ऑफ़ इंडिया प्रथम सीजन का आयोजन 16-17 अगस्त को हुआ जिसमे जबलपुर महाविद्यालय के पशु औषधि विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शशि प्रधान ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अलग–अलग सत्र में कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

डॉ. शशि प्रधान को मिसेज़ गोल्डन हार्ट के टाइटल से नवाजा गया तथा क्राउन पहनाया गया/इसका श्रेय डॉ. अमिता तिवारी को जाता है जिनने इस सत्र में भाग लेने को प्रोत्साहित किया, विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा जी ने इस उपलब्धि पर जबलपुर महाविद्यालय के अधिष्ठाता महोदय डॉ. आर.के. शर्मा को अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए पशु औषधि विभाग को शुभकामनाऐं दीं।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर